CMYK

रायगढ़, शुक्रवार
27.7.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

Social Justice Union

# साप्ताहिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com
4 में पढ़ें- प्रादेशिक ....
6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....
» वर्ष-2 » अंक - 34 »

# इमरान खान की पार्टी ने 121 सीटों पर बनाई बढ़त

इस्लामाबाद (आरएनएस)। क्रिकेटर से राजनेता इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी पाकिस्तान के आम चुनावों में सबसे आगे चल रही है। इमरान की पार्टी ने अब तक के रुझानों के मुताबिक 121 संसदीय सीटों पर बढ़त बना रखी है, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज 58 सीटों पर ही आगे चल रही है। वहीं देश की बड़ी पार्टियों में से एक पीपीपी को सिर्फ 35 सीटों पर बढ़त हासिल है। वोटों की गिनती में देरी की वजह से पीएमएल-एन ने साजिश की आशंका जताई है तो वहीं चुनाव आयोग ने इस आरोप को खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग ने तकनीकी खराबी को वोटों की गिनती में हो रही देरी की वजह बताया है। अभी तक के नतीजों के मुताबिक, इस्लामाबाद के एनए 53 सीट से इमरान खान जीत गए हैं। इमरान को 92891 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार को 44314 वोट मिले हैं।



■ नवाज की पार्टी पिछड़ी

पीएमएल-एन का गढ़ माने जाने वाले पंजाब प्रांत में अभी भी पार्टी सबसे आगे है लेकिन इमरान खान की पार्टी दूसरे नंबर पर है। पीएमएल्स-एन 104 सीटों पर आगे चल रहा है, तो वहीं पीटीआई 96 और पीपीपी 6 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। पंजाब में कुल 297 विधानसभा सीटे हैं। सिंध प्रांत को पीपीपी का ही गढ़ माना जाता है और वह यहां 60 सीटों पर आगे है। वहीं 13 सीटों पर बढ़त के साथ पीटीआई दूसरे नंबर पर हैं। बता दें कि सबसे बड़ी 4 पार्टियों में पीएमएल-एन नहीं दिख रही है। यहां 130 सीटों पर चुनाव हुए थे। बीते चुनाव की तरह ही खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत में इमरान की पार्टी पीटीआई 54 सीटों पर बढ़त के साथ सबसे आगे है। इसके बाद एमएमए, एएनपी, पीपीपीपी हैं। यहां पीएमएल-एन महज 2 सीटों पर आगे चल रही है। केपी प्रांत में कुल 99 सीटों पर चुनाव हुए थे। पाक के बलूचिस्तान प्रांत में 51 सीटों पर चुनाव हुआ था। यहां सबसे आगे बीएपी है। उसके बाद बीएनपी, एमएमए, आईएनडी चल रहे हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दुनिया के सबसे बुजुर्ग इंसान ने हॉट नूडल्स और आइसक्रीम खाकर मनाया 113वां जन्मदिन

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बुजुर्ग जीवित इंसान मसाजो नोनाका ने हॉट नूडल्स और आइसक्रीम खाकर अपना 113वां जन्मदिन मनाया। नोनाका अपने परिवार के साथ जापानी आईलैंड होकैड्डो के अशोरो इलाके में रहते हैं। बुधवार को नोनाका न सिर्फ केक काटकर अपना बर्थडे मनाया बल्कि इसे काटकर खुद से ही थोड़ी खाया भी। जैसा कि वह अपने हर बर्थडे पर करते हैं। नोमाकी की पोती ने मीडिया को बताया कि उन्होंने केक पर 113 कैंडल्स लगाई थी। उनके दादा जी ने बड़े मजे साथ केक खाया और टीवी पर कुश्ती के मैच देखते हैं। उन्हें अखबार पढ़ना भी काफी अच्छा लगता है।



### वोटिंग के बीच क्वेटा में ब्लास्ट, कम से कम 31 लोगों की मौत

क्वेटा (आरएनएस)। पाकिस्तान में बुधवार को संघ और प्रांतों के लिए मतदान हो रहे हैं. वोटिंग के दौरान बलुचिस्तान के क्वेटा में बम धमाके की खबर है. पाकिस्तान के न्यूज चैनल जिओ टीवी के मुताबिक, इस धमाके में कम से कम 31 लोगों के मौत हुई है. 36 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं. धमाके में तीन पुलिसकर्मियों की भी मौत हो गई, जो पोलिंग बूथ के करीब शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात थे. आतंकी संगठन आईएसआईएस ने धमाके की जिम्मेदारी ली है.

### जीएसटी से राहत पर फिरेगा पानी

नई दिल्ली (आरएनएस)। जीएसटी काउंसिल की ओर से हाल ही में टैक्स कटौती के चलते यह उम्मीद जताई जा रही थी कि टीवी और कार जैसी चीजें सस्ती होंगी, लेकिन इस पर पानी फिरता नजर आ रहा है। इसकी वजह रुपये में लगातार जारी गिरावट है। इसके चलते इन प्रॉडक्ट्स से जुड़े पार्ट्स का आयात महंगा साबित हो रहा है। अब टीवी और कार मैन्युफैक्चरर्स कीमतों में इजाफे को लेकर विचार कर रहे हैं।

### एशिया कप में 19 सितंबर को भिड़ेंगे भारत और पाकिस्तान

दुबई (आरएनएस)। क्रिकेट के दो सबसे बड़े चिरप्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान लगभग एक साल बाद एक बार फिर आमने-सामने होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा चैम्पियन भारत और पाकिस्तान 19 सितंबर को यहां एशिया कप में एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला खेलेंगी। दोनों टीमों का दुबई में यह पहला मैच होगा। भारत और पाकिस्तान 2006 के बाद से पहली बार यूएई में खेलेंगे। दोनों टीमों ने इससे पहले शारजाह में 24 और अबु धाबी में दो मैच खेले थे।

### ताजमहल के संरक्षण के लिए कोई कुछ नहीं कर रहा, यहां तमाशा हो रहा है

**सुको की उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार**

नई दिल्ली (आरएनएस)। ताजमहल के संरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ताजमहल के संरक्षण के लिए कोई कुछ नहीं कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से ताजमहल को लेकर विजन डॉक्युमेंट का ड्राफ्ट पेश करने को लेकर कोर्ट ने कहा कि क्या यहां तमाशा हो रहा है? कोर्ट ने पूछा कि इतने समय में भी आप ड्राफ्ट पेश कर रहे हैं, क्या इसमें फिर से संशोधन करेंगे?

## जीवन की संभावना को लेकर बढ़ाई उत्सुकता

# मंगल पर विशाल भूमिगत झील का पता चला

टम्पा (आरएनएस)। मंगल पर पहली बार विशाल भूमिगत झील का पता चला है। इससे वहां अधिक पानी और यहां तक कि जीवन की उपस्थिति की संभावना पैदा हो गई है। अमेरिकी जर्नल साइंस में प्रकाशित स्टडी में शोधकर्ताओं ने कहा है कि मंगल के हिम खंड के नीचे अवस्थित झील 20 किलोमीटर चौड़ी है। यह मंगल ग्रह पर पाई गई सबसे बड़ी वाटर बॉडी है।

ऑस्ट्रेलिया के स्विनबर्न यूनिवर्सिटी में सहायक प्रफेसर ऐलन डफी ने इसे शानदार उपलब्धि करार देते हुए कहा कि इससे जीवन के अनुकूल परिस्थितियों की संभावनाएं खुलती हैं। ऐलन हालांकि इस अध्ययन का हिस्सा नहीं हैं। मंगल अब ठंडा, बंजर और सूखा है लेकिन कभी यह गर्म और नमी



वाला हुआ करता था। यह कोई 3.6 अरब साल पहले कई तरह के द्रवीय जल और झीलों का घर हुआ करता था। वैज्ञानिक अब के समय के पानी का संकेतों को पता लगाने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि ये खोज उस रहस्य की कुंजी हैं कि मंगल पर कभी जीवन था या नहीं या फिर यह आज जीवन के अनुकूल है या नहीं।

हालांकि, इन झीलों का पानी पीने लायक नहीं है। पानी कोई 1.5 किलोमीटर अंदर बर्फीली सतह के नीचे मौजूद है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ इसको लेकर संदेह जाहिर कर रहे हैं क्योंकि यह बेहद ठंडा है और इसमें भारी मात्रा में नमक तथा मिनरल मौजूद हैं। तापमान संभवतः शून्य से नीचे हैं, लेकिन मैग्नेसियम, कैल्सियम और सोडियम के कारण यह द्रव के रूप में है। उधर, ऑस्ट्रेलियन ऐस्ट्रोनॉमिकल ऑब्जर्वेटरी के फ्रेड वाट्सन कहते हैं, यह असाधारण विशेषता वाली खोज है, इसने लाल ग्रह में जीवित ऑर्गेनिज्म की मौजूदगी की अटकलें बढ़ा दी हैं।

### कारगिल के शहीदों को याद किया राज्यसभा ने

नयी दिल्ली (आरएनएस)। राज्यसभा ने कारगिल विजय दिवस के मौके पर आज कारगिल के शहीदों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभापति एम वेंकैया नायडु ने कहा कि आज कारगिल विजय दिवस की 19 वीं वर्षगांठ है और इसी दिन सेना के वीर जवानों ने अदम्य साहस और अपने रण कौशल का परिचय देते हुए कारगिल की चोटियों को दुश्मन के कब्जे से छुड़ाया था। इस दौरान कई जवानों ने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्यौच्छावर किये। उन्होंने कहा कि यह सदन शहीद जवानों को नमन करता है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

### ऑनलाइन विडियो देखकर कराई पत्नी की डिलिवरी, मौत

तिरुपुर (आरएनएस)। तमिलनाडु के तिरुपुर में यू-ट्यूब से सीखकर डिलिवरी कराने की वजह से एक 28 साल की महिला की 3.3 किलोग्राम के स्वस्थ बच्चे को जन्म देने के बाद रविवार को मौत हो गई। यह डिलिवरी महिला के पति ने अपने दो अन्य दोस्तों के साथ मिलकर की और खास बात यह है कि इनमें से कोई भी चिकित्सीय दृष्टि से इस डिलिवरी को कराने के योग्य नहीं था।



क्रिथिगा नामक महिला एक निजी स्कूल में टीचर थी और उसका पति कार्तिकेयन बुना हुआ कपड़ा बनाने वाली एक कंपनी में काम करता था। उनके तीन साल की एक बच्ची भी थी। क्रिथिगा के पिता राजेंद्रन ने कहा, उनके पहले बच्चे की डिलिवरी हॉस्पिटल में हुई थी लेकिन क्रिथिगा चाहती थी कि उसका दूसरा बच्चा घर में पैदा हो। राजेंद्रन ने बताया कि क्रिथिगा की दोस्त लावण्या ने हाल ही अपने घर में बच्चे को जन्म दिया था, जिसके बाद उन दोनों ने भी यह करने का फैसला किया। इस मामले में एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने विडियो देखा है, जिसमें महिला खुद अपनी मर्जी से डिलिवरी कराने के लिए तैयार है।

# लाओस में बांध टूटने से 19 लोगों की मौत, 3000 फंसे

बैंकॉक (आरएनएस)। दक्षिण-पूर्व एशिया स्थित देश लाओस में एक निर्माणाधीन पनबिजली बांध के टूट जाने से 19 लोगों की मौत हो गयी है और तीन हजार से अधिक लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं। दक्षिण कोरिया ने बचाव कार्यों में मदद के लिए एक आपात राहत टीम भेजी है। यह पुल सोमवार शाम को टूट गया था। कई लोगों के मरने और सैकड़ों लोग लापता होने की रिपोर्ट थी। अंग्रेजी समाचार पत्र 'वियतनाम टाइम्स ने बुधवार को अधिकारियों के हवाले से बताया कि तीन हजार से अधिक लोग बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं जबकि दो हजार 851 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। बांध बनाने वाली दक्षिण कोरियाई कंपनी एस के इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन ने दावा है कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण यह हादसा हुआ है। उसने कहा कि रविवार को बांध में दरार देखे जाने के बाद 12 गांवों को तत्काल खाली करने का आदेश दे दिया गया था।



इस बीच व्यापक स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चलाये जा रहे हैं। बाढ़ में फंसे लोगों को नौकाओं से सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। लाओस समाचार एजेंसी के अनुसार अत्तेपू प्रांत स्थित जीपैन जे नाम नोय पनबिजली बांध के सोमवार शाम टूट जाने से कम से कम सात गांव बाढ़ की चपेट में आ गये।

बाढ़ की वजह से 6600 से अधिक लोग बेघर हो गये हैं।

## अब मंत्री के पति पर भी आरोप

# रेप के बाद शेल्टर होम की बच्चियों का कराया अबॉर्शन

पटना (आरएनएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक नारी निकेतन (बालिका गृह) में बच्चियों के साथ लंबे समय से रेप होने के मामले में नया खुलासा हुआ है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के अनुसार, रेप के कारण चार बच्चियां प्रेगनेंट हो गई थीं, जिसके बाद उनका जबरन अबॉर्शन भी कराया गया। कहा जा रहा है कि अबॉर्शन कराने वालों में बालिका गृह की महिला कर्मचारी शामिल थीं।




पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद यह दावा किया गया है। मालूम हो कि बालिका गृह में रहने वाली 42 में से 24 लड़कियों की मेडिकल जांच में सामने आया था कि उनके साथ रेप और मारपीट भी हुई। कई बच्चियों नशीली दवा दी जाती थीं और उनके शरीर पर जले के निशान भी हैं। दूसरी ओर इस मामले में पटना हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है, जिसपर कोर्ट तुरंत सुनवाई के लिए तैयार हो गया है।

### सीबीआई से जांच कराने की मांग

इस केस की सुनवाई गुरुवार को होगी। याचिका में मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई है। इस मामले को लेकर बिहार की सियासत गर्म है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और जीताराम मांझी बुधवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। वहीं बिहार विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ, जिस कारण सदन नहीं चल पाया। विपक्षी नेताओं ने सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की और सीबीआई जांच की मांग की।

### सोने की तस्करी करते 5 भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू (आरएनएस)। यहां त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को पांच भारतीय नागरिकों को तस्करी कर लाए गए तीन किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जब्त सोने की कीमत 1.47 करोड़ रुपये है। बैंकॉक से सोना तस्करी कर यहां लाने के ईश्वर दास, अवतार सिंह, अमृत पाल सिंह, हरमिंदर सिंह और रिजवान अंसारी को गिरफ्तार किया गया। वे थाई एयरवेज के विमान से यहां पहुंचे थे। नेपाल पुलिस अधीक्षक दिनेश राज मैनाली ने कहा, अभियुक्तों ने सोना सूटकेस के पहियों में छिपा रखा था। सोने की तस्करी करने वालों का यह नया तरीका है।

### दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में मूसलाधार बारिश, जनजीवन प्रभावित

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग की माने तो इस सीजन की यह सबसे जबरदस्त बारिश है।

विभाग ने बताया है कि इस बार कम से कम 50 से लेकर 75 सेंमी. की बारिश हो गयी होगी। अभी पूरे क्षेत्र का मुकम्मल ब्रेकप आना बांकी है। लंबे इंतजार के बाद दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में हुई मूसलाधार बारिश से जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है, वहीं सड़कों पर पानी भरने से ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है।

## सुविधा

# देशभर में बनेंगे ढाई लाख वाईफाई हॉटस्पॉट, फैलेगी इंटरनेट की दुनिया

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार की देशभर में ढाई लाख वाईफाई हॉटस्पॉट लगाने की योजना है। संचार मंत्री मनोज सिन्हा ने आज लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि देश में इंटरनेट की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भारत नेट योजना के तहत सभी ढाई लाख ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर के जरिये ब्रॉडबैंड से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा देश भर में ढाई लाख वाईफाई हॉटस्पॉट लगाने की योजना है। बीएसएनएल के सभी 25 हजार एक्सचेंजों में भी हॉटस्पॉट लगाने की योजना है।



उन्होंने बताया कि पिछले चार साल में देश में दूरसंचार का बुनियादी ढांचा दुगुने से भी ज्यादा हुआ है। बेस ट्रांसिवर स्टेशनों की संख्या वर्ष 2014 के सात लाख 90 हजार से बढ़कर 18 लाख हो चुकी है। ऑप्टिकल फाइबर बिछाने का काम तेजी से हो रहा है। भारतनेट योजना के पहले चरण में एक लाख ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया जबकि दूसरे चरण में मार्च 2019 तक डेढ़ लाख ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाना है। अब तक कुल एक लाख 13 हजार 91 ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जा चुका है। सिन्हा ने बताया कि 31 मार्च 2018 तक देश में कुल 47 करोड़ 27 लाख वायलेस इंटरनेट उपभोक्ता थे जिनमें एक लाख 43 हजार 89 उपभोक्ता (30.44 प्रतिशत) ग्रामीण इलाके से थे। ग्रामीण इलाकों में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या तीन साल में दुगुनी हो गयी है। वर्ष 2014-15 में यह दो करोड़ 13 लाख थी जो इस साल 31 मार्च तक बढ़कर 10 करोड़ 65 लाख पर पहुंच गयी।

## मथुरा सांसद हेमामालिनी ने कहा

### जब चाहूं मुख्यमंत्री बन सकती हूं

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान के बांसवाड़ा में मथुरा से सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी तारीफ के बीच खुद को सीएम उम्मीदवार पर भी बड़ी बात कह गईं। पत्रकारों के बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्हें शौक नहीं है, जब चाहे सीएम बन सकती हैं।



हेमामालिनी यहां मीरा नृत्य नाटिका में प्रस्तुति देने पहुंचीं थी।